आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल पहले नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष–2025 के लिए इकत्तर प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म सम्मेलन में भाग लेंगे।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल अंडमान एवं निकोबार सम्मेलन, संगीती–2025 का उद्घाटन किया।
- डिगलीपुर जाने वाली जलयान के यात्रा कार्यक्रम में फेरबदल ।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पहले नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष–2025 के लिए इकत्तर प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से चार पद्म विभूषण, दस पद्म भूषण और सैंतालिस पद्मश्री प्रदान किया गया। डी नागेश्वर रेड्डी को चिकित्सा क्षेत्र में और डॉ लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण प्रदान किया गया। एम टी वासुदेवन नायर और ओसामु सुजुकी को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में नंदमुरी बालकृष्ण, शेखर कपूर, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान श्रीजेश पी आर शामिल हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया। पद्मश्री से सम्मानित होने वालों में क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य शामिल हैं। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा सहित विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पदमश्री पुरस्कार से सम्मानित भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि उन्हें यह सम्मान जनधन योजना के विस्तार में उनकी भूमिका के लिए मिला गई है। कर्नाटक गायिका डॉ. के ओमनकुट्टी अम्मा को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार मिला।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म सम्मेलन में भाग लेंगे। युग्म का संस्कृत में अर्थ है संगम। ये अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है जिसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग

जगत और नवाचार से संबंधित प्रमुख लोग शामिल होंगे। वाधवानी फाउंडेशन और सरकार के प्रतिष्ठानों के संयुक्त निवेश से करीब एक हजार चार सौ करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

<><><><><><><>

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय–एम एन आर ई कल नई दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम–एम एस एमई के लिए अवसरों का पता लगाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करेगा। यह कार्यशाला स्थायी हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को आकार देने में एम एस एम ई की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाएगी। इस उभरते क्षेत्र में नवाचार और विकास को गति देने में एम एस एम ई की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रमुख विषयों में घटकों और उपकरणों के विकास के लिए प्रौद्योगिकी सहयोग, हरित हाइड्रोजन आपूर्ति श्रृंखला में अवसर, बायोमास मार्गों का उपयोग करके विकेंद्रीकृत हाइड्रोजन उत्पादन और मूल्य श्रृंखला में निवेश को उत्प्रेरित करने की रणनीतियाँ शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार सम्मेलन, संगीती–2025 का उद्घाटन कल डीब्रेट में द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दो हजार सैंतालिस तक माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत विजन' को प्राप्त करना है, उपराज्यपाल ने कहा कि यूटी प्रशासन द्वीपों की अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को गति देने के लिए प्रमुख योजनाओं सहित विभिन्न सामाजिक–आर्थिक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सम्मेलन को सात व्यापक विषयों में तैयार किया गया है– जैसे पर्यटन,. जैव विविधता, गतिशीलता, ऊर्जा, सामरिक सुरक्षा, जल, परिपत्र अर्थव्यवस्था, उत्पादन आर्थिक–कृषि। उपराज्यपाल ने अपने भाषण का समापन यह उल्लेख करते हुए किया कि विचार–विमर्श के परिणाम द्वीपों के समग्र विकास में परिवर्तनकारी बदलाव लाने में मदद करेंगे, जिससे इस क्षेत्र की तत्काल जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जा

सके। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने अंडमान निकोबार द्वीप पर्यटन ऐप भी लॉन्च किया और पर्यटन गतिविधि कैलेंडर जारी किया।

उन्होंने सरकारी भवनों में स्थापित 'रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट' का भी वर्चुअल उद्घाटन किया साथ ही दक्षता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने बताया कि दिसंबर में आयोजित मुख्य सचिवों के सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसी तरह के सम्मेलन आयोजित करने के लिए कहा था, ताकि जमीनी स्तर पर अधिक जुड़ाव हो सके और यह सम्मेलन उसी दिशा में एक निरंतरता है। इस सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य अपने आप को सार्थक रूप से जोड़ना है, ताकि हम विकास से संबंधित विभिन्न विषयों और मुद्दों के लिए बहुत स्पष्ट उद्देश्य रख सकें। इस सम्मेलन में नीति आयोग के अतिथि वक्ता, रक्षा एवं नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यटन हितधारकों और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थिति थे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम से कल रात्रि नौ बजे मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर जाने वाले जलयान सिंधु की यात्रा को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया है। इसके स्थान पर कल रात्रि आठ बजे एम.वी छोलदारी फीनिक्स–बे जेट्टी से डिगलीपुर के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी अगले दिन सुबह सात बजे डिगलीपुर से मायाबंदर के रास्ते श्री विजयपुरम के लिए होगी। एमवी छोलदारी की यात्राओं के लिए यात्री टिकट आज सुबह नौ बजे से आम जनता को जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का जायजा लेने के लिए पद्मश्री और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल ने आज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हैडो हिन्दी माध्यम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने घर के आस–पास भी सफाई बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी छात्रों से हानिकारक पदार्थों से दूर रहते हुए खुद को फिट रखने को भी कहा। श्री लाल ने सभी से पानी बचाने का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ स्कूल के उप–प्रधानाचार्य आर. सेथुकराई उपस्थित थे।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल डीब्रेट में संगीती–दो हजार पच्चीस के उद्घाटन के अवसर पर द्वीपों की उपलब्धियों को रेखांकित करने तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत विज़न की ओर ध्यान केन्द्रित किए जाने के समाचार को द्वीप समाचार और द डेली टेलीग्राम्स ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा पत्र ने मत्स्य पालन, पशु पालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह द्वारा भातू बस्ती में थोक–सह खुदरा मछली बाजार के निर्माण की वर्चुअल आधारशिला रखने के खबर को भी अपने मुख्य पृष्ठ में जगह दी है। सांसद बिष्णु पद रे द्वारा नेताजी स्टेडियम में क्रिकेट टुर्नामेंट के उद्घाटन किए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने तथा कैम्पबेल–बे के ग्रामीणों के लम्बे समय तक बिजली न आने पर विरोध प्रदर्शन के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपनी पहली खबर बनाया है।

<><><><><><><>